प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 13.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले पांच वर्षों के दौरान बस्तर संभाग को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाया जाएगा।

2–किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अब तुहंर टोकन ऐप चौबीस घंटे उपलब्ध मिलेगा।

3–छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा–सत्र के पहले दिन ''छत्तीसगढ़ विज़न दो हजार सैंतालीस'' पर चर्चा होगी।

4– सूरजपुर जिले के नैनपुर स्थित एक राईस मिल परिसर में दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत।

**अमित शाह–बस्तर ओलंपिक–01**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अगले वर्ष जब बस्तर ओलंपिक होगा, तब तक छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के साथ ही पूरा देश नक्सलमुक्त हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि अगले पांच वर्षों के दौरान बस्तर संभाग को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाया जाएगा। इसके सभी सात जिलों में रहने वाले लोगों को आवास, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

श्री शाह ने एक बार पुनः दोहराया कि मार्च दो हजार छब्बीस तक पूरे देश को नक्सल समस्या से मुक्त कर दिया जाएगा। केन्द्रीय गृहमंत्री ने अभी भी जो हथियार बंद नक्सली बचे हुए हैं, उनसे अपील की है कि वे शस्त्र छोड़कर आत्मसमर्पण कर दें।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे प्रबंध किए जा रहे है कि आने वाले कॉमन वेल्थ गेम्स और ओलंपिक में बस्तर के खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया भी उपस्थित थे।

## अमित शाह–बस्तर ओलंपिक–02

छत्तीसगढ़ में हुए इस बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ओलंपिक के अंतिम चरण के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें करीब तीन हजार पांच सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें आत्मसमर्पित नक्सली और नक्सल हिंसा से पीड़ित खिलाड़ी भी शामिल थे।

बस्तर ओलंपिक–दो हजार पच्चीस में बस्तर जिला ओवर ऑल चैंपियन बना है।

## मुख्यमंत्री–पत्रकारवार्ता

छत्तीसगढ़ की वर्तमान भाजपा सरकार के दो साल पूरे हो गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा है कि बीते दो वर्ष शासन के नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनसहभागिता के वर्ष रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि इन दो वर्षों में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर कोने तक विकास की रोशन पहुंचाने का प्रयास किया है। श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस विकास यात्रा में अपनी सुझावों, परिश्रम और विश्वास से सरकार का मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने कहा कि जनता की आस्था ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति और छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की सच्ची गारंटी है।

इससे पहले, कल मुख्यमंत्री ने रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में अपनी सरकार के दो साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में जनता का सरकार के प्रति भरोसा और अधिक सशक्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के साथ–साथ विकास के जरिए बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

## धान खरीदी–तुहंर टोकन ऐप

किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अब तुहंर टोकन ऐप चौबीस घंटे उपलब्ध मिलेगा। मोबाइल ऐप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान तेरह जनवरी तक अगले बीस दिनों तक का टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान बेचने की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा। वहीं, दो एकड़ और दो एकड़ से कम रकबा वाले किसान इकतीस जनवरी तक तुहंर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे।

## विधानसभा–शीतकालीन सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल चौदह दिसंबर रविवार से शुरू होगा। इस बार यह सत्र विधानसभा के नये भवन में आयोजित किया जाएगा। नया रायपुर में बने नवीन विधानसभा भवन में होने वाला यह पहला सत्र होगा। सत्र के पहले दिन राज्य सरकार की दीर्घकालीन विकास रणनीति ''छत्तीसगढ़ विज़न दो हजार सैंतालीस'' पर चर्चा होगी। सत्रह दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल चार बैठकें होंगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के संसदीय इतिहास में यह पहली बार हो रहा है, जब रविवार से सत्र शुरू होने वाला है।

इस बीच, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने सत्र के पहले दिन विधानसभा में उपस्थित नहीं होने का निर्णय लिया है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने बताया कि कल सदन में केवल ''छत्तीसगढ़ विज़न दो हजार सैंतालीस'' पर चर्चा प्रस्तावित है। इस दिन न तो सवाल पूछे जाएंगे और न ही ध्यानाकर्षण या स्थगन प्रस्ताव लिए जाएंगे। इसी वजह से कांग्रेस के सभी विधायक सत्र के पहले दिन विधानसभा में उपस्थित नहीं होंगे।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

---

गरियाबंद जिले में आज दस लाख रूपए के इनामी दो माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें एक महिला माओवादी भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी के डीजीएन डिवीजन में सक्रिय माओवादी संतोष उर्फ लालपवन और मंजू उर्फ नंदे ने गरियाबंद पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। दोनों माओवादी सीनापाली एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इन पर आईईडी विस्फोट, आगजनी और पुलिस पर हमले जैसी  घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

**दीवार–हादसा**

---

सूरजपुर जिले के नैनपुर स्थित एक राईस मिल परिसर में दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक तीनों मजदूर सूरजपुर जिले के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं।

**रामसर–साइट**

---

बिलासपुर जिले के कोपरा जलाशय को छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट घोषित किया गया है। जलाशय की विशिष्ट पारिस्थितिकी, स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की विविधता तथा जल परितंत्र की समृद्धि में इसे रामसर मान्यता के योग्य बनाया है। रामसर साइट का दर्जा उन आर्द्रभूमियों को दिया जाता है, जो जैव विविधता, जल संरक्षण और पर्यावरणीय महत्व के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोपरा जलाशय को रामसर साइट घोषित किए जाने से इको–टूरिज्म नये अवसर विकसित होंगे। वहीं, स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही सत्त्त विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

**खेल समाचार**

---

चीन के शांगलुओ में चार से तेरह दिसंबर तक आयोजित अंडर–पन्द्रह वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर के वॉलीबॉल खिलाड़ी अब्दुल्लाह ने कांस्य पदक जीता है। अब्दुल्लाह का चयन अंडर–सत्रह विश्व वॉलीबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। यह प्रतियोगिता अगले साल थाईलैंड में आयोजित होगी।

उधर, दक्षिण–पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में अमरकंटक में आयोजित छप्पनवीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों की चौदह टीमों के एक सौ बाईस खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें इंक्यावन महिला खिलाड़ी भी शामिल थी।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में दक्षिण–पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

**समाचार संक्षेप में ...**

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल कबीरधाम जिले में नये शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन का शिलान्यास किया।

–दुर्ग जिले में शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने शासकीय, अशासकीय और निजी स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

–स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज होम्योपैथिक रिसर्च और डेवलपमेंट एसोसिएशन रायपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल होम्योपैथिक सेमिनार का शुभारंभ किया। इस सेमिनार में होम्योपैथी के माध्यम से कैंसर उपचार की संभावनाओं सहित विभिन्न विषयों पर दो दिनों तक चर्चा होगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>